विभिन्न राज्यों में आश्वासन योजना के अंतर्गत शामिल ब्लाक

1998. श्री योगेन्द्र सिंह जी सोलंकी : क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गुजरात, मध्य-प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान के ब्लाकों को आश्वासन योजना में शामिल किया है;

(ख) यदि हां तो शामिल किए गए ऐसे ब्लाकों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने इन ब्लाकों के ऐसे कृषि श्रमिकों के लिए कोई कार्य योजना तैयार की है । जिनके पास सिंचाई के स्रोत उपलब्ध नहीं हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बाबागौडा पाटील) :

(क) जी, हां ।

(ख) सुनिश्चित रोजगार, योजना गुजरात (218) मध्य प्रदेश (459) महाराष्ट्र (298) और राजस्थान (237) के सभी 1212 ब्लाकों में कार्यान्वित की जा रही है । इन ब्लाकों को निधियों की रिलीज के उद्देश्य से उनकी जनसंख्या के आधार पर "क" "ख" और "ग" श्रेणी में बांटा गया है । 40 लाख रुपये 30 लाख रुपये और 20 लाख रुपये प्रति किस्त की दर से केन्द्रीय सहायता क्रमशः क, ख और ग श्रेणी में ब्लाकों को रिलीज की जाती है । उक्त वर्णित राज्यों में ब्लाकों की विभिन्न श्रेणियों की स्थिति निम्न प्रकार है :—

	क	ख	ग
गुजरात	19	97	102
मध्य प्रदेश	5	273	181
महाराष्ट्र . .	74	138	86
राजस्थान . . .	19	152	66

इन ब्लाकों का ब्यौरा अनुपत्र में संलग्न है देखिए परिशिष्ट–185 अनुबन्ध सं० 50

(ग) सुनिश्चित रोजगार योजना ऐसे समस्त ग्रामीण लोगों के लिए है जो इस योजना के क्षेत्र में रहते हैं और यह योजना उन गरीबों के लिए है जो मजदूरी रोजगार चाहते हैं परन्तु गैर कृषि मौसम के दौरान खेल में या अन्य सहायक कार्यों अथवा चल रही सामान्य योजना/गैर योजना कार्यों में वे प्राप्त नहीं कर पाते हैं ।

(घ) उपरोक्त "घ" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न ही नहीं उठता ।